दैनिक
# उत्तराखण्ड प्रहरी
वर्ष 15 /अंक 78 / पृष्ठ 8
हरिद्वार, बुधवार, 17 मई 2023
uttarakhandprahari19@gmail.com | e-paper: uttarakhandprahari.com
उत्तराखण्ड का सबसे विश्वसनीय मीडिया पार्टनर
RNI No. :- UTTHIN/2009/27592



प्रौद्योगिकी में लंबी उड़ान : क्वांटम मिशन
उत्तराखण्ड श्री अन्न (मिलेट) महोत्सव पर पहुंचे तोमर...

मूल्य- 2 रु.

# रोजगार की संभावनाओं को ध्यान में रखकर नीति बना रही है सरकार: मोदी

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार युवाओं को रोजगार की प्राथमिकता को ध्यान में रखकर नीति तैयार कर रही है। मोदी ने सोमवार को यहां वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से राष्ट्रीय रोजगार मेले को संबोधित किया तथा विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में करीब 71000 नवनियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

प्रधानमंत्री ने कहा ,“ पिछले नौ वर्षों के दौरान रोजगार की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए सरकार ने नीतियों का निर्माण किया है। आधुनिक अवसंरचना के क्षेत्र में पहल हो, ग्रामीण विकास हो या जीवन की बुनियादी जरूरतों का विस्तार हो सरकार की प्रत्येक नीति युवाओं के लिए नए अवसर पैदा कर रही है।” उन्होंने जोर देकर कहा कि पिछले नौ वर्षों में, सरकार ने भर्ती प्रक्रिया को प्राथमिकता दी है और इसे तेज़, पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाया है। भर्ती प्रक्रिया में आने वाली कठिनाइयों का उल्लेख करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि कर्मचारी चयन बोर्ड, नई भर्तियों में मोटे तौर पर 15से 18 महीने का समय लेता था, जबकि आज इसमें केवल छह से आठ महीने लगते हैं। उन्होंने कहा कि भर्ती को ऑनलाइन प्रक्रिया के जरिये सरल बनाया गया है, जिसके लिए दस्तावेजों के



स्व-सत्यापन का प्रावधान भी किया गया है। प्रधानमंत्री ने आज की तारीख के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि नौ साल पहले इसी दिन, अर्थात, 16 मई को लोकसभा चुनाव के परिणाम घोषित किए गए थे। प्रधानमंत्री ने कहा ,“ सबका साथ, सबका विकास की भावना के साथ शुरू हुई यह यात्रा, एक विकसित भारत के लिए काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि आज सिक्किम का स्थापना दिवस भी है।“

मोदी ने बताया कि पिछले नौ साल में सरकार ने पूंजीगत व्यय और बुनियादी सुविधाओं पर करीब 34 लाख करोड़ रुपये खर्च किए हैं। इस साल के बजट में भी पूंजीगत व्यय के लिए 10 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। इस धनराशि के परिणामस्वरूप नए राजमार्ग, नए हवाई अड्डे, नए रेल मार्ग, पुल जैसी अवसंरचनाओं का निर्माण हो रहा है। इससे देश में रोजगार के विभिन्न नए अवसरों का सृजन हो रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में, नौकरियों के स्वरूप में अत्यधिक बदलाव देखा गया है, जहां देश के युवाओं के लिए नए क्षेत्र उभरकर सामने आये हैं। उन्होंने दोहराया कि केंद्र सरकार इन नए क्षेत्रों को निरंतर समर्थन प्रदान कर रही है।

## इस महीने के अंत में नए संसद भवन का उद्घाटन कर सकते हैं मोदी

इस महीने के अंत में नए संसद भवन का उद्घाटन कर सकते हैं मोदी

नयी दिल्ली 16 मई (वार्ता) केंद्र की सत्ता में नौ वर्ष पूरे होने को देशभर में समारोह के रूप में मनाने की तैयारियों में जुटी सरकार इस मौके पर इस महीने के अंत में नए संसद भवन का उद्घाटन कर सकती है। जानकार सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी २8 मई को नए संसद भवन का उद्घाटन कर सकते हैं , हालांकि अभी आधिकारिक रूप से इसकी पुष्टि या घोषणा नहीं की गई है। पहले यह कहा जा रहा था कि नए संसद भवन का उद्घाटन मानसून सत्र के दौरान होगा क्योंकि संसद भवन के उस समय तक ही पूरी तरह बनकर तैयार होने की संभावना बताई जा रही थी। लेकिन अब सूत्रों ने कहा है कि मोदी सरकार के केंद्र की सत्ता में नौ वर्ष पूरे होने के मौके पर ही प्रधानमंत्री द्वारा नए संसद भवन का उद्घाटन किए जाने की संभावना है।

## तमिलनाडु में जहरीली शराब से मौत पर राज्य सरकार को मानवाधिकार आयोग का नोटिस

**नयी दिल्ली, (वार्ता)।** राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने तमिलनाडु के विल्लुपुरम और चेंगलपट्टू जिलों में कथित रूप से जहरीली शराब पीने से 12 मई से कई लोगों की मौत की खबरों पर स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है। खबरों के अनुसार राज्य के तटवर्ती क्षेत्र के इन जिलों में इस कारण से कई मौतें हुई हैं और कई अन्य प्रभावित लोग अस्पताल में भर्ती हैं। आयोग द्वारा मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है, ‘मीडिया रिपोर्टों की सामग्री, यदि सत्य है, तो यह लोगों के जीवन के अधिकार का उल्लंघन है। जाहिर है, राज्य सरकार अवैध/नकली शराब की बिक्री और खपत पर रोक लगाने में विफल रही है।”

आयोग ने तदनुसार राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक, तमिलनाडु को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर मामले में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट में पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी की स्थिति, पीड़ितों का चिकित्सा उपचार और पीड़ित परिवारों को दिया गया मुआवजा, यदि कोई हो, शामिल होना चाहिए। आयोग इस त्रासदी के लिए जिम्मेदार दोषी अधिकारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई के बारे में भी जानना चाहेगा।

## जापानी चिकित्सा उपकरण कंपनियों को निवेश के लिए भारत आने का आमंत्रण

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने जापानी चिकित्सा उपकरण कंपनियों को भारतीय बाजार में निवेश करने का आमंत्रण देते हुए कहा है कि चिकित्सा उपकरण क्षेत्र के व्यवस्थित विकास को सुविधाजनक बनाने और पहुंच, सामर्थ्य, गुणवत्ता तथा नवाचार के जन स्वास्थ्य उद्देश्यों को पूरा करने के लिए, भारत ने पहली राष्ट्रीय चिकित्सा उपकरण नीति को मंजूरी दी है। मांडविया ने मंगलवार को जापान के टोक्यो में चिकित्सा उपकरण निर्माता कंपनियों के प्रतिनिधियों से बातचीत में कहा कि चिकित्सा उपकरण क्षेत्र भारत के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र का एक आवश्यक और अभिन्न अंग है। इस क्षेत्र का योगदान और भी महत्वपूर्ण हो गया है क्योंकि भारत ने चिकित्सा उपकरणों और नैदानिक किटों के बड़े पैमाने पर उत्पादन से कोविड महामारी के खिलाफ घरेलू और वैश्विक संघर्ष में योगदान किया है। मांडविया ने कहा कि चिकित्सा उपकरण क्षेत्र में वर्ष 2030 तक 11 अरब डॉलर के अपने वर्तमान आकार से चार गुना तक बढ़ने की क्षमता है।

## कर्नाटक में सीएम को लेकर कांग्रेस में संशय बरकरार

**नयी दिल्ली, (वार्ता)।** कर्नाटक के लिए मुख्यमंत्री का नाम तय करने को लेकर कांग्रेस में दिनभर गहमागहमी का दौर चला लेकिन राज्य की बागडोर किसे सौपी जाय इस पर सहमति नहीं बन सकी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के घर पर इस बारे में विचार विमर्श के लिए सबसे पहले पार्टी नेता राहुल गांधी पहुंचे। इस दौरान उनके साथ कर्नाटक के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला तथा पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल भी मौजूद थे। एक घंटे से ज्यादा समय तक मंथन चला लेकिन नया मुख्यमंत्री कौन होगा इसके लिए कोई ठोस फार्मूला तैयार नहीं किया जा सका। मुख्यमंत्री



पद के दावेदार पूर्व मुख्यमंत्री सिद्दारमैया दिल्ली में हैं जबकि दूसरे दावेदार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार आज दोपहर बाद यहां पहुंचे और उन्होंने पार्टी नेताओं से बातचीत की। खडगे के आवास पर कुमार और सिद्दारमैया ने पार्टी अध्यक्ष से अलग-अलग मुलाकात की लेकिन मुख्यमंत्री कौन होगा इस बारे में कोई सहमति नहीं बन सकी। इस बीच कांग्रेस सूत्रों ने कहा कि विचार विमर्श चल रहा है और केंद्रीय पर्यवेक्षकों ने मुख्यमंत्री के नाम को लेकर विधायकों की राय के आधार पर जो रिपोर्ट दी है उसके आधार पर ही बुधवार को निर्णय लिया जा सकेगा।

## सोशल मीडिया पर बाल यौन शोषण सामग्री में उछाल पर सरकारों को मनवाधिकार आयोग का नोटिस

**नयी दिल्ली, (वार्ता)।** राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग, एनएचआरसी, भारत ने सोशल मीडिया पर बाल यौन शोषण सामग्री में उछाल संबंधी खबर पर स्वतः संज्ञान लेते हुए केंद्र एवं राज्यों की सरकारों और तथा केंद्रशासित क्षेत्रों के प्रशासन को नोटिस जारी कर छह सप्ताह में जवाब तलब किया है। आयोग ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। विज्ञप्ति के अनुसार मीडिया की संबंधित रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में सोशल मीडिया पर चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज मटेरियल (सीसैम) का परिचालन 250 से 300 प्रतिशत तक बढ़ गया है। कथित तौर पर, सीएसएएम सामग्री विदेशी हैं, और भारतीय जांच एजेंसियों को अभी तक किसी भी भारतीय निर्मित सीएसएएम का पता नहीं चला है। आयोग ने नोटिस में सरकारों से कहा है कि “मीडिया रिपोर्ट की सामग्री, यदि सत्य है, तो यह नागरिकों के जीवन, स्वतंत्रता और गरिमा से संबंधित मानव अधिकारों के उल्लंघन और छोटे बच्चों को सोशल मीडिया पर उनके यौन शोषण के खतरे से बचाने से संबंधित मानव अधिकारों के उल्लंघन के बराबर है।” आयोग ने पुलिस आयुक्त, दिल्ली, सभी राज्यों/संघ शासित प्रदेशों के पुलिस महानिदेशकों, निदेशक, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) और सचिव, केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, को नोटिस जारी किया।

## जल्द ही 150 करोड़ के क्लब में शामिल होगी ‘द केरल स्टोरी’

**नयी दिल्ली, (वार्ता)।** विपुल शाह के निर्देशन में बनी फिल्म ‘द केरल स्टोरी’ भले ही रिलीज होने के साथ ही विवादों में घिर गयी हो, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर उसे दर्शकों का जबरदस्त प्यार मिल रहा है, जिससे फिल्म का अब तक कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 147.04 करोड़ रुपये हो गया है। फिल्म ने केरल से आईएसआईएस भर्ती के संवेदनशील मुद्दे को उजागर करने वाली विचारोत्तेजक कहानी से दर्शकों को अत्यधिक प्रभावित किया है। फिल्म ने न केवल दर्शकों के दिलों पर एक महत्वपूर्ण प्रभाव छोड़ा है, बल्कि बॉक्स ऑफिस पर भी लगातार शानदार प्रदर्शन कर रही है।

## आवश्यक सूचना

‘उत्तराखंड प्रहरी’ के सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि आप अपने प्रिय अखबार ‘उत्तराखंड प्रहरी’ महाभियान में शामिल हो सकते हैं। आप अपने द्वारा लिखी गई कोई भी संरचना, कविता, कहानी, लेख या कार्यक्रम हमसे साझा कर सकते हैं। अच्छे लेख व कहानी को ‘उत्तराखंड प्रहरी’ में उचित स्थान दिया जाएगा। आप अपने प्रियजनों को जन्मदिन, सालगिरह या अन्य शुभ अवसरों पर बधाई संदेश भी दे सकते हैं।

आप हमें ईमेल
uttarakhandprahari19@gmail.com या
whatsup no 8077771906 पर भी भेज सकते हैं।

# संपादकीय

## हिंदुओं ने हराया हिंदुत्व

एक बार फिर आकलन करना पड़ेगा कि प्रधानमंत्री मोदी 'अजेय' नहीं हैं। उनके नेतृत्व और धुआंधार प्रचार के बावजूद भाजपा को चुनावी पराजय दी जा सकती है। यह कर्नाटक के जनादेश ने साबित कर दिया है। ऐसा भी नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी के नौ साल के अनवरत कार्यकाल के कारण उनकी छवि में ठहराव आया है अथवा उनके प्रति मोहभंग होने लगा है। कर्नाटक में भाजपा के पक्ष में 36 फीसदी से अधिक वोट आए हैं। उसका साफ अर्थ है कि न तो भाजपा के खिलाफ प्रचंड सत्ता-विरोधी लहर थी और न ही मतदाता उसके प्रति उदासीन हुआ है। बीते चुनाव 2018 में वोट प्रतिशत इससे कम ही था और कांग्रेस को 38.4 फीसदी वोट मिले थे, लेकिन सीटों के मामले में वह भाजपा से पिछड़ गई थी। अब खुद प्रधानमंत्री और भाजपा नेतृत्व को गहरा आत्ममंथन और विमर्श करना पड़ेगा कि हिन्दुत्व के आधार पर ध्रुवीकरण के लिए आजमाए गए मुद्दों के बजाय किन मुद्दों पर आगामी विधानसभा चुनाव लडने हैं और अंततः 2024 के आम चुनाव की चुनौती को जीतना है। इसी साल तेलंगाना में विधानसभा चुनाव हैं, जहां भाजपा हिन्दुत्व की ही जमीन पुख्ता कर रही है। भाजपा को सिर्फ हिन्दुत्व की जगह उन मुद्दों पर भी ध्यान देना चाहिए, जो आम आदमी की जेब से सीधा जुड़े हैं।

कर्नाटक में 84 फीसदी से ज्यादा हिन्दू हैं, लेकिन वे जातियों, वर्गों और समुदायों में बंटे हैं। कर्नाटक चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने 'बजरंग बली की जय' बोली और जनता का उद्घोष भी कराया। उन्होंने यहां तक कहा कि पहले 'बजरंग बली की जय' बोलना और फिर वोट का बटन दबाना। रोड शो के दौरान भी एक व्यक्ति को भगवान हनुमान का प्रतिरूप बनाकर पेश किया गया। सडक से लेकर मंदिरों तक 'हनुमान चालीसा' का पाठ किया गया। फिर भी इतने वोट नहीं मिल सके कि भाजपा जीत जाती। इसके अलावा राम मंदिर, टीपू सुल्तान, हिजाब, हलाला, केरल स्टोरी, लव जेहाद और मुस्लिम आरक्षण आदि मुद्दे भी गूंजते रहे। भाजपा की रणनीति थी कि ऐसे मुद्दों पर हिन्दू तल्ख प्रतिक्रिया करेंगे और भाजपा के पक्ष में लबालब वोट करेंगे। यह रणनीति बिल्कुल नाकाम रही। मतदाताओं ने इसे सिरे से नकार दिया। दरअसल हिन्दुओं ने ही हिन्दुत्व की सोच और राजनीति को पराजित किया। दक्षिण में भाजपा का प्रवेश-द्वार कर्नाटक हिन्दुत्व की प्रयोगशाला था, लेकिन हिन्दू वोट बैंक ने विभाजित जनादेश दिया, जबकि 13 फीसदी मुसलमानों और 2 फीसदी ईसाइयों में से ज्यादातर ने लगभग एकमुश्त वोट कांग्रेस के पक्ष में किया। लिंगायतों के 46 विधायक जीते हैं, जिनमें से 37 विधायक कांग्रेस के हैं। भाजपा का परंपरागत समर्थक और हिन्दू वोट बैंक इस तरह शिफ्ट हुआ है। आदिवासियों के लिए 15 सीटें आरक्षित हैं। सभी सीटें कांग्रेस की झोली में गईं। आदिवासी भी आस्था के आधार पर 'हिन्दू' ही हैं। ग्रामीण इलाकों की कुल 151 सीटों में से 97 सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवार विजयी हुए हैं। इनमें भी अधिकांश 'हिन्दू' हैं। दरअसल यह आर्थिक सरोकार का दौर है। बेशक लाभार्थी कहें या जन-कल्याण का नाम दे लें अथवा कांग्रेस की 'गारंटियां' मान लें या प्रधानमंत्री के शब्दों में ये 'मुफ्त की रेवडियां' हैं, लेकिन चुनाव इन्हीं मुद्दों पर तय हो रहे हैं। कर्नाटक भी एक उदाहरण है। हालांकि कर्नाटक अर्थव्यवस्था के लिहाज से देश का 5वां राज्य है। सम्पन्न है, कारोबार है, आईटी की राजधानी है। फिर भी कांग्रेस ने जो 'गारंटियां' घोषित की हैं, उन्हें पूरा करने पर करीब 36,000 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

## प्रौद्योगिकी में लंबी उड़ान : क्वांटम मिशन

डा. अश्विनी महाजन




कई दशक पूर्व कंप्यूटरों का आविष्कार हुआ। इलेक्ट्रॉनिक्स और सॉफ्टवेयर के विकास के साथ साथ कंप्यूटर प्रौद्योगिकी में भारी सुधार भी हुआ, जिसके चलते संचार, स्वास्थ्य, ऊर्जा, ऑटोमोबाइल, अंतरिक्ष आदि में अभूतपूर्व प्रगति हुई। इस प्रगति को आज की भाषा में चौथी औद्योगिक क्रांति भी कहते हैं। लेकिन इस विकास की अपनी सीमाएं रही। यही नहीं इसकी सबसे बड़ी समस्या यह रही कि कंप्यूटरों को विभिन्न प्रकार के वायरस और मेलवेयर भेजकर अथवा हैक करके कब्जाया जा सकता है। इससे पूरी व्यवस्था ठप्प हो सकती है। पूर्व में ऐसा हुआ भी है। वित्तीय धोखाधड़ी तो रोजमर्रा का विषय है। इससे देशों की सुरक्षा पर भी लगातार ख़तरा मंडरा रहा है। क्वांटम प्रौद्योगिकी कंप्यूटर प्रणाली में एक बड़े बदलाव और विकास के रूप में देखी जा रही है जिससे कंप्यूटरों को पहले से कहीं ज्यादा तीव्र, प्रभावी और सुरक्षित बनाया जा सकता है। अप्रैल 19, 2023 को केंद्रीय केबिनेट द्वारा नेशनल क्वांटम मिशन के लिए 6003 करोड़ रुपए की अनुमति के बाद भारत दुनिया में 7वां देश बन गया है जिसका अपना एक क्वांटम मिशन है। इससे पहले संयुक्त राज्य अमरीका, ऑस्ट्रिया, फिनलैंड, फ्रांस, कनाडा और चीन का ही अपना समर्पित क्वांटम मिशन है। इस विषय की शुरुआत दिसंबर 2018 में हुई थी, जब नरेंद्र मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में 'नेशनल मिशन ऑन साइबर फिजिकल सिस्टम्स' हेतु 3660 करोड़ रुपए की घोषणा की गई थी।

अप्रैल 2023 से प्रारंभ नेशनल क्वांटम मिशन के 4 हिस्से होंगे। पहले तीन हिस्से हैं : क्वांटम कम्प्यूटिंग, क्वांटम कम्युनिकेशन (संचार) एवं क्वांटम सेंसिंग (संवेदन) एवं चौथा हिस्सा उपरोक्त तीनों कार्यक्रमों हेतु उपकरणों का निर्माण है। माना जा रहा है कि इससे पूर्व क्वांटम मिशन अपनाने वाले देश भी अभी शोध एवं विकास के स्तर पर ही हैं, और इनमें से किसी ने भी क्वांटम तकनीकी का अनुप्रयोग शुरू नहीं किया है। इस प्रकार नेशनल क्वांटम मिशन को अपनाने के कारण भारत भी इन देशों के समकक्ष आ गया है। गौरतलब है कि विकसित देशों की बड़ी कंपनियों ने भविष्य की क्वांटम प्रौद्योगिकी में अरबों डालर का निवेश किया है। इस प्रौद्योगिकी में अति सुरक्षित प्रतिरक्षा संचार से लेकर स्वास्थ्य सेवाओं के अनुप्रयोगों जैसे-अति स्टीक एमआरआई इत्यादि के संदर्भ में अनंत संभावनाएं हैं।

जानकारों का कहना है कि इस मिशन को किसी एक व्यक्ति अथवा संस्था के द्वारा संचालित नहीं किया जा सकता, क्योंकि यह प्रौद्योगिकी बहुत जटिल है। इस कार्यक्रम को मिशन की तर्ज पर ले जाने की जरूरत है, जिसमें विभिन्न प्रकार की संस्थाओं एवं शोधकर्ताओं को मिलकर काम करना होगा। क्वांटम कंप्यूटर आधुनिक कंप्यूटरों की तुलना में बहुत तीव्र और अद्यतन हैं। कंप्यूटिंग शक्ति में इससे अभूतपूर्व विकास होगा। इनमें जटिल समस्याओं को हल करने की भी क्षमता है जो वर्तमान में हमारी पहुंच से परे हैं। क्वांटम यांत्रिकी के सिद्धांतों पर आधारित होने के कारण क्वांटम एन्क्रिप्शन तकनीकें पारंपरिक एन्क्रिप्शन विधियों की तुलना में अधिक सुरक्षित होती हैं। क्वांटम संचार नेटवर्क पारंपरिक नेटवर्क की तुलना में द्रुत गति से और अधिक सुरक्षित रूप से सूचना प्रसारित कर सकते हैं, जिनमें पूरी तरह से हैकिंग से मुक्त होते हैं। इसमें सुरक्षित संचार की क्षमता होती है। इसलिए इस मिशन के कार्यों में एक महत्वपूर्ण कार्य है- एक लंबी दूरी का संचार। इस मिशन के फलस्वरूप संचार व्यवस्था में अभूतपूर्व क्रांति तो आएगी ही, भारत विश्व में इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका में आ सकता है। यह मिशन भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संचालित किया जाएगा। इस मिशन के तहत वर्ष 2023 और 2031 के 8 वर्षों के दौरान देश में क्वांटम प्रौद्योगिकी के लिए वैज्ञानिक एवं औद्योगिक शोध एवं विकास के कार्यों को गति दी जाएगी और इसके लिए एक नवाचार हेतु वातावरण निर्माण किया जाएगा।

गौरतलब है कि वर्तमान समय की कम्प्यूटर प्रक्रिया दो अंकों 'एक' और 'शून्य' पर आधारित है। लेकिन इस मिशन के अंतर्गत बनाए जा रहे क्वांटम कम्प्यूटरों की प्रक्रिया में 'क्यूबिट्स' अथवा 'क्वांटम बिट्स' इकाइयां रहेंगी। पहले 5 वर्षों में 50 से 100 क्यूबिट्स वाले कम्प्यूटर बनेंगे और 8 वर्षों में 50 से 1000 क्यूबिट्स वाले कम्प्यूटरों का निर्माण शुरू हो जाएगा। इन क्वांटम उपकरणों के निर्माण हेतु साजो-सामान तैयार करने में यह मिशन काम करेगा।

## सुपुर्दे ढाका की तारीख दोहराने का वक्त

प्रताप सिंह पटियाल

वीरभूमि हिमाचल के सैन्य दस्तावेज का हर पन्ना पहाड़ के रणबांकुरों की दास्तान-ए-शुजात से भरा है। देश रक्षा के मोर्चे पर पहाड़ का शौर्य हमेशा सर्वश्रेष्ठ साबित हुआ है। लेकिन जम्मू-कश्मीर राज्य को लेकर देश के सियासी हुक्मरानों की ढुलमुल नीतियों का खामियाजा देश के सैनिक व सैन्य परिवार 75 वर्षों से भुगत रहे हैं। 4 मई 2023 को पाक विदेश मंत्री ने 'गोवा शंघाई सहयोग' के इजलास में दहशतगर्द मुल्क का तर्जुमान बनकर शिरकत की थी। दौरे से पूर्व 20 अप्रैल को पुंछ के 'भाटा दूरियां' इलाके में आतंकी हमले में पांच जवान शहीद हो गए। 20 अप्रैल 2023 को दंतेवाड़ा में 'डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड्स' के ग्यारह जवान नक्सली हमले में जांबाहक हो गए। 'एससीओ' मीटिंग के दौरान ही 5 मई 2023 को राजौरी सेक्टर में आतंकी मुठभेड़ में भारतीय सेना की 'स्पेशल फोर्स' के पांच कमांडो वीरगति को प्राप्त हो गए, जिनमें दो सपूतों का बलिदान हिमाचल के हिस्से आया है।

कमांडो प्रमोद नेगी का संबंध सिरमौर तथा कमांडो अरविंद कुमार का ताल्लुक कांगड़ा जिला से था। दुनिया की सर्वोत्तम सेनाओं में शुमार भारतीय स्पेशल फोर्सेज के जवानों का आतंकी हमलों में शहीद होना दुर्भाग्यपूर्ण है। देश रक्षा के लिए प्रतिबद्ध सैनिक फिदा-ए-वतन हो रहे है, मगर सैन्य शौर्य के सबूत मांगने वाले व धारा 370 के वियोग में अश्क बहाने वालों से लेकर मुल्क के रहबर सैनिकों की शहादत पर खामोश हैं। उत्तर प्रदेश में एक तसादुम में हलाक हुए माफियाओं की फुरकत में अब भी मातम मनाया जा रहा है। देश की सियासत अपने चुनावी समीकरण को साधने में मशगूल है। कश्मीर घाटी में आतंकी वारदातें हों, नक्सली हमले या अन्य राज्यों में सांप्रदायिक हिंसा तशद्दुद के भयानक दौर में देश की सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए हुक्मरानों की नजर-ए-करम सुरक्षा बलों पर ही होती है। जम्मू-कश्मीर के लिए हिमाचल की सैन्य कुर्बानियों का इतिहास रियासती दौर से ही रहा है। जम्मू-कश्मीर रियासत की सरहदों को विस्तार देने का श्रेय जनरल जोरावर सिंह कहलूरिया को जाता है। मेजर जनरल 'जनक सिंह कटोच' व कर्नल 'रघवीर सिंह पठानियां' जैसे हिमाचल के सैन्य अधिकारियों ने पहली जंगे अजीम व कई सैन्य मिशनों में जम्मू-कश्मीर रियासत की सेना का नेतृत्व किया था। जनक सिंह कटोच व न्यायमूर्ति मेहर चंद महाजन ने जम्मू-कश्मीर रियासत की सियासत में भी अहम भूमिका निभाई थी। कश्मीर पर 1947 में पाक हमले के खिलाफ सिरमौर के 'कर्नल शेरजंग' ने 'कश्मीर नेशनल मिलिशिया' फौज का हिस्सा बनकर अहम किरदार अदा किया था।

फरवरी 1948 में 'कर्नल शेरजंग थापा' 'महावीर चक्र' ने पीओके स्थित 'स्कार्दू किले' पर कब्जा करके अदम्य साहस का परिचय दिया था। 1947 के पाक हमले में कश्मीर को महफूज रखने के लिए हिमाचल के 43 सैनिकों ने बलिदान दिया था। मेजर 'सोमनाथ शर्मा' व कै. 'बिक्रम बत्रा' दोनों 'परमवीर चक्र' विजेताओं की जांबाजी की दास्तान कश्मीर के लिए ही मिसाल बनी थी। यह भारतीय सैन्य पराक्रम का ही जलवा था कि 'सुपुर्दे ढाका' की शिकस्त में पाक सैन्य तारीख को शर्मिंदा करने वाले सिपहसालारों याहिया खान व आमीर अब्दुल्ला नियाजी को पाकिस्तान ने दम-ए-इताब में आकर सेवानिवृत्त करके गुमनाम जिंदगी जीने पर मजबूर कर दिया था। दो जुलाई 1972 को हिमाचल की राजधानी शिमला उस तारीख का चश्मदीद बना जब 1971 की भारत-पाक जंग के 93 हजार पाक युद्धबंदियों को छुड़ाने के लिए पाक सदर व बिलावल भुट्टो के नाना जुल्फिकार अली भुट्टो अमन का पैरोकार बनकर शिमला में तशरीफ लाए थे।

शिमला समझौते के बाद जुल्फिकार अली भुट्टो ने पाकिस्तान जाकर कहा था कि घास की रोटी खाकर भी भारत से एक हजार साल तक लड़ेंगे। भुट्टो की वो तहरीर सच साबित हो रही है। पाकिस्तान की आवाम घास की रोटी खाने को मजबूर है। कई मुल्कों से खैरात मांगकर पाक हुक्मरान 'आईएमएफ' की कदमबोसी भी कर रहे हैं, मगर आतंक को पनाह देने से पाक तौबा नहीं कर रहा। अतः बिलावल को भारत के प्रति हिकारत भरा नजरिया विरासत में मिला है। 1990 के दशक में अपनी सियासी जमीन तलाशने के लिए पाक वजीरे आजम मोहतरमा बेनजीर भट्टो की कश्मीर को लेकर जहर उगलती तकरीरें घाटी में आतंक का नुक्ता-ए-आगाज साबित हुईं।

पाक पोषित आतंक को घाटी में वहां की सियासत व स्थानीय आवाम की हिमायत हासिल होने से 'कश्यप ऋषि' की तपोस्थली कश्मीर आतंक में तब्दील हो गया। आतंक के खौफनाक मंजर से कश्मीर के मूल निवासी अपने ही राज्य में शरणार्थी होकर फरियादी बन गए। देश में कई सियासी रहनुमां व मानवाधिकारों की पैरवी करने वाले दहशतगर्दों के हलाक होने पर अश्क जरूर बहाते हैं। मगर घाटी में एक मुद्दत से विस्थापित हुए कश्मीरी पंडितों का मुद्दा राष्ट्रीय व आलमी सतह पर उस शिद्दत से नहीं उठा कि आतंक के कारण पंडितों का विस्थापन दुनिया की तवज्जो का मरकज बन सके। कश्मीर में आतंकी हमले 'अफस्पा' हटाने की वकालत करने वालों के लिए आईना हैं। अब कश्मीर में होने वाला जी-20 देशों का इजलास पाक हुक्मरानों को खटक रहा है।

वैद्यानिक सूचना

उत्तराखंड प्रहरी के संपादन में हम प्रयासरत है कि हमारी ओर से खबर में किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि न हो। हमारी कोशिश है कि अखबार में छपी किसी खबर, रिपोर्ट, फीचर या लेख से व्यक्ति विशेष, संगठन या समुदाय की भावना को ठोस न पहुंचे। उत्तराखंड प्रहरी में प्रकाशित लेख, विश्लेषण और साभार, ली गई सामग्री के विचार संबंधित लेखकों और रचनाकारों के निजी विचार हैं, न कि अखबार के। अतः सभी पाठकों से आग्रह है कि वे किसी सूचना, समाचार, विज्ञापनों आदि के आधार पर कोई फैसला करने से पहले तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। उसके लिए किसी भी प्रकार से लेखक, संपादक, प्रकाशक, प्रिंटर या विक्रेता को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है। तथा किसी भी कारोबारी और निज निर्णय के लिए उत्तराखंड प्रहरी जिम्मेवार नहीं होगा।

# उत्तराखण्ड श्री अन्न (मिलेट) महोत्सव के समापन कार्यक्रम में पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर

**उत्तराखंड सरकार कृषि विभाग द्वारा आयोजित श्री अन्न महोत्सव के आयोजन के लिए मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री को दी बधाई।**

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो





**देहरादून।** अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष के उपलक्ष में कृषि विभाग उत्तराखण्ड द्वारा देहरादून में आयोजित उत्तराखण्ड श्री अन्न महोत्सव 2023 के समापन समारोह में मुख्य अथिति के तोर पर केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में पतंजलि के एमडी आचार्य बाल कृष्ण और कैबिनेट मंत्री प्रेम चंद्र अग्रवाल भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर महोत्सव में उपस्थित सभी अतिथियों ने मिलेट्स पर आधारित विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने सभी अतिथियों का पहाड़ी टोपी, शाल और पुष्पगुच्छ देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया।

कार्यक्रम के केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने उत्तराखण्ड सरकार द्वारा आयोजित श्री अन्न महोत्सव की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के नेतृत्व में और कृषि मंत्री जोशी की सूझबूझ के परिणामस्वरूप ये विशाल श्री अन्न महोत्सव का आयोजन किया गया है। इस अच्छे आयोजन के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और मंत्री गणेश जोशी को और राज्य के कृषि मंत्रालय को अपनी ओर से बधाई दी।केंद्रीय मंत्री नरेंद्र तोमर ने कहा मिलेट्स को भोजन की थाली में सम्मान जनक स्थान मिले और दुनिया के भोजन की थाली में भी सम्मान जनक स्थान मिले, इसलिए मिलेट्स पर काम करना जरूरी था। इसी दृष्टिकोण के आधार पर भारत सरकार ने इस मिलेट्स को पोषक अनाज के रूप में अधिसूचित किया। साल भर अभियान चलाया, पोषकता के लिए और बाद में संयुक्त राष्ट्र संघ में भी नरेंद्र मोदी जी ने ज्वार-बाजरा, कोदो, कुटकी, रागी, मंडुआ इसकी जो वैज्ञानिक प्रमाण हैं, जो इसमें पोषक तत्वों की भरमार है, उसको तथ्यात्मिक रूप से वैश्विक मंच के ऊपर रखा। उन्होंने 72 देशों ने जो वहां उपस्थिति थे, प्रधानमंत्री के इस प्रस्ताव का समर्थन किया और संयुक्त राष्ट्र संघ ने तय किया, 2023 सारी दुनिया में मिलेट ईयर के रूप में मनाया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा उत्तराखंड सरकार ने ये आयोजन किया। इस आयोजन से मिलेट्स की महत्ता का भी ज्ञान बढ़ेगा। मिलेट्स के जो उत्पाद है, लोग उनसे भी परिचित होंगे। इसकी मांग बढ़ेगी। उन्होंने कहा श्री अन्न की मांग बढ़ेगी तो किसानों को उत्पादन करना पड़ेगा, किसान उत्पादन करेंगे, तो किसान को फायदा होगा अच्छा मुनाफा मिलेगा। केंद्रीय मंत्री तोमर ने कहा जब भारत श्री अन्न (मिलेट) की अगुवाई कर रहा है, तो सबसे पहले उत्पादन भी हमारे यहां बढ़ेगा। उत्पादकता भी हमारे यहां बढ़ेगी और प्रोसेसिंग भी हमारे यहां बढ़ेगी। और जब प्रोसेसिंग हमारे यहां होगी, तो हमारे ही उत्पाद का सारी दुनिया में निर्यात भी बढ़ेगा और हमारी अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा।

**श्री अन्न महोत्सव 2023 के समापन कार्यक्रम में आचार्य बाल कृष्ण और कैबिनेट मंत्री प्रेम चंद्र अग्रवाल भी रहे मौजूद।**

पंतजली के एमडी आचार्य बाल कृष्ण ने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड में प्राचीन काल से ही श्री अन्न की खेती होती थी। देवभूमि उत्तराखण्ड मोटे अनाजों की राजधानी रही है। आज दुनिया श्री अन्न के महत्व को समझ रही है। हमें पूर्ण विश्वास है यह आयोजन 'श्री अन्न' को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगा। इस तरह के आयोजनों से न केवल मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि इससे किसानों को भी मोटे अनाजों से संबंधित आवश्यक जानकारियां भीं प्राप्त होंगी तथा किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी।

इस अवसर पर वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, सचिव कृषि बी.वी.आर.सी पुरूषोत्तम, निदेशक कृषि गौरीशंकर, अपर निदेशक केसी पाठक, संयुक्त निदेशक दिनेश कुमार, जैविक उत्पाद परिषद के एमडी विनय कुमार सहित कई अन्य अधिकारी एवं प्रदेश के सभी जनपदों से आये हुए कृषक भाई-बहन उपस्थित रहे।

# केदारनाथ में 60 क्विंटल वजनी कांसे का भव्य ऊं की आकृति की जायेगी स्थापित




उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**केदारनाथ।** भगवान आशुतोष के द्वादश ज्योतिर्लिंग केदारनाथ में गोल प्लाजा में 60 क्विंटल वजनी कांसे का भव्य ऊं की आकृति स्थापित की जाएगी। इस आकृति को स्थापित करने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने सफल ट्रायल कर दिया है। जल्द जरूरी कार्य पूरा करते ही इसे स्थायी रूप से स्थापित कर दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत केदारनाथ को सुरक्षित करने के साथ ही भव्य रूप से संवारा जा रहा है। इन दिनों धाम में दूसरे चरण के कार्य जोरों पर चल रहे हैं। पहले चरण में मंदिर परिसर के विस्तार के साथ ही मंदिर मार्ग और गोल प्लाजा का निर्माण किया गया था। अब, इस गोल प्लाजा, जो मंदिर से लगभग ढाई सौ मीटर पहले संगम के ठीक ऊपर स्थित है, पर ऊं की आकृति को स्थापित किया जा रहा है। 60 क्विंटल वजनी कांसे से ऊं की आकृति को गुजरात के बडौदा में बनाया गया है।

## चारों तरफ से तांबे से वेल्डिंग की जाएगी

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, लोनिवि ने हाइड्रा मशीन की मदद से ऊं आकृति को गोल प्लाजा में स्थापित करने के लिए ट्रायल किया, जो पूरी तरह से सफल रहा। कार्यदायी संस्था के ईई विनय झिक्वांण ने बताया कि ऊं की आकृति को पूरी तरह से सुरक्षित करने के लिए इसके चारों तरफ से तांबे से वेल्डिंग की जाएगी। साथ ही मध्य हिस्से के साथ ही किनारों को भी सुरक्षित किया जाएगा, जिससे बर्फबारी से इसे नुकसान न हो। एक सप्ताह में ऊं आकृति को स्थायी रूप से स्थापित कर दिया जाएगा। केदारनाथ गोल प्लाजा में ऊं की आकृति स्थापित होने से वहां की भव्यता और भी बढ़ जाएगी। डीडीएमए द्वारा ऊं आकृति को स्थापित करने के लिए जरूरी कार्रवाई पूरी की जा रही हैं।

# भारत को जनसंख्या नियंत्रण पर कार्य करना होगा, वरना भविष्य में होंगी विकट समस्यायें : सीएमओ




उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** एस.एम.जे.एन. पी.जी. कॉलेज में आज विज्ञान विभाग एवं आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में जी-20 के सन्दर्भ में विविध जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत 'भारत में स्वास्थ्य सुविधायेंः चुनौतियाँ एवं अवसर' विषयक भाषण प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ. मनीष दत्त, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हरिद्वार तथा कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार बत्रा द्वारा द्वीप प्रज्जवलित करके किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. मनीष दत्त, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हरिद्वार ने स्वास्थ्य सुविधाओं पर विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि भारत को जनसंख्या नियंत्रण पर कार्य करना होगा, वरना भविष्य में विकट समस्यायें हमारे समक्ष उपस्थित होंगी। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार बत्रा ने स्वास्थ्य जानकारी पर अपने विचार रखते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी में चिकित्सकों एवं स्टाफ ने प्रशंसनीय कार्य किये। सरकार द्वारा कोरोना महामारी में अनेक स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाये गये जिससे जनता को सीधे लाभ पहुंचे। इस अवसर पर कोविड-19 में स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गयी सेवाओं हेतु कॉलेज में उनके प्रतिनिधि के तौर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मनीष दत्त को सम्मानित कर आभार व्यक्त किया गया।

भाषण प्रतियोगिता में अमूल्य सक्सेना, गौरव बंसल, अर्शिका, छाया, अभिलाषा, अनीष कुमार, नेहा, आरती असवाल, आयुष, अपराजिता, खुशी, गौरी अग्रवाल, भावेश आदि छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में अपराजिता ने प्रथम, गौरी अग्रवाल ने द्वितीय तथा आरती असवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समस्त विजयी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि व प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया। निर्णालय मण्डल की भूमिका का निवर्हन डॉ. आशा शर्मा, श्रीमती रूचिता सक्सेना तथा डॉ. पूर्णिमा सुन्दरियाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय कुमार माहेश्वरी तथा विज्ञान विभाग की कु. नेहा गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से विनय थपलियाल, डॉ. लता शर्मा, डॉ. मोना शर्मा, डॉ. आशा शर्मा, डॉ. पदमावती तनेजा, विनीत सक्सेना, डॉ. विनीता चैहान, डॉ. मिनाक्षी शर्मा, डॉ. रेनू सिंह, डॉ. पुनीता शर्मा, डॉ. पदमावती तनेजा, प्रिंस श्रोत्रिय, मोहन चन्द्र पाण्डेय आदि सहित कॉलेज के अनेक छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

# एचआरडीए के सहायक अभियंता का व्यापारियों ने फूंका पुतला

**महिला से रिश्वत मांगने का है आरोप, कार्यवाही की मांग**

**भ्रष्ट अधिकारी को जनपद से बाहर स्थानांतरित करने की मांग**



उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** कनखल नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष योगेश भारद्वाज के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण कार्यालय के बाहर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान आक्रोशित प्रदर्शनकारियों नै प्राधिकरण के सहायक अभियंता पंकज पाठक का पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि विकास प्राधिकरण के अधिकारी बेवजह क्षेत्र की जनता को परेशान कर रहे हैं कनखल नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष योगेश भारद्वाज ने कहा कि एचआरडीए के भ्रष्ट सहायक अभियंता पंकज पाठक द्वारा जनपद में भूमाफियाओं से मिलीभगत करके अवैध कालोनियों व आवासीय क्षेत्रों में व्यवसायिक निर्माण कार्य कराया जा रहा हैं।

उक्त अधिकारी की भ्रष्ट कार्यशैली की वजह से प्रदेश सरकार की छवि धूमिल करने के साथ ही भ्रष्टाचार को भी बढ़ावा मिल रहा हैं। आरोप है कि एचआरडीए में एई पद पर कार्यरत पंकज पाठक अवैध निर्माणों में अपने वीसी व सचिव का नाम लेकर लोगों से पैसा उगाही कर रहे हैं। हरिद्वार की जनता उक्त एई भ्रष्ट कार्यशैली से त्रस्त हैं और एचआरडीए के अधिकारी उक्त एई के खिलाफ कोई कार्रवाही नहीं कर रहे हैं। बुलाडे निवासी जमना टाकीज ने भी उक्त एई ने पैसे की डिमाण्ड की थी। भवन पर उक्त एई ने अन्य व्यक्ति से पैसा लेकर कब्जा करा दिया हैं। महिला अपनी शिकायत भी दर्ज कराई थी, लेकिन विभाग द्वारा आरोपी एई से ही जांच कराकर मामले को दबा दिया गया। श्यामपुर बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र तथा कुसुम विहार कालोनी जगजीतपुर कनखल में सील कालोनी में सांठ-गांठ से मानचित्र स्वीकृत कर उक्त एई भ्रष्टाचार का नंगा नाच अधिकारियों की नाक के नीचे खेलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह एक या दो मामले नहीं हैं ऐसे शहर और देहात में दर्जनों मामले हैं। उक्त अधिकारी अवैध निर्माणों में भूमाफियाओं के साथ संलिप्तता भी रखता हैं। जिसको लेकर विभागीय अधिकारियों को भी जानकारी हैं, परन्तु एई के भ्रष्टाचार पर अधिकारी मौन हैं। उक्त एई के विषय में तमाम शिकायत एचआरडीए में लम्बित पड़ी हैं।

उन्होंने प्रकरण का संज्ञान लेकर एचआरडीए के उक्त महाभ्रष्ट अधिकारी को हरिद्वार जनपद से हटाकर अन्य जनपद में स्थानंतरित करने की कार्रवाही करने की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों ने चेतवानी देते हुए कहा कि मांग पर कार्यवाही न करने की स्थिति में उक्त एई को हटाने और एचआरडीए को भ्रष्टाचार मिटाने की मुहिम के तहत सड़को पर उतरकर संगठन उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। इस बीच प्रर्दशन करने वालों ने पंकज पाठक पर कार्रवाई हेतु ज्ञापन विभागीय एई टीपी नौटियाल को सौंपा। प्रदर्शन मे बुला डे, शिवा, राहुल, हिमांशु राजपूत, अक्षय कुमार, अनिल कुमार नौटियाल, पारस शर्मा, लोकेश शर्मा, कार्तिक, अंकित, सूरज कुमार, सत्येंद्र, पवन, विक्की, रवि, निखिल, मुकेश, संदीप, कपिल शर्मा, शशिकांत बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



## जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर शांति व्यवस्था भंग कर रहे 03 अभियुक्त गणों को बहादराबाद पुलिस ने धर दबोचा

परमेंद्र नारायण, उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**बहादराबाद**, मुख्यमंत्री उत्तराखंड पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रदेश भर में चल रहे सरकारी भूमि के अतिक्रमण को लेकर जनपद हरिद्वार की पुलिस द्वारा सभी अतिक्रमणकारियों को नोटिस दिया गया था, जिस के क्रम में एक व्यक्ति द्वारा सरकारी भूमि पर लगाए गए खोके को उठाकर अन्य किसी व्यक्ति के जमीन में रख कर कब्जा किया जाना प्रकाश में आया, शिकायत पर पुलिस द्वारा दौरान शांति व्यवस्था डियुटी 03 अभियुक्तगणों महबूब पुत्र नियाज निवासी बढेडी राजपूतान थाना बहादराबाद, साहिल पुत्र महबूब निवासी उपरोक्त, बाला पुत्र शरीफ निवासी ग्राम फोरीनगर शान्तरशाह को शांति व्यवस्था भंग करने पर धारा 15 सी0आर0पी0सी में गिरफ्तार किया गया है। अभि0गण को माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिये वेट मशीनों को स्थापित किया जाएगा : अशीष मिश्रा

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो



**हरिद्वार।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पी0एल0 शाह ने मंगलवार को तहसील भगवानपुर में संयुक्त मजिस्ट्रेट भगवानपुर आशीष मिश्रा की पहल पर सीआरएस मद से प्राप्त वेट मशीनों को भगवानपुर क्षेत्र के आंगनबाड़ी केन्द्रों में स्थापित किये जाने हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी सुलेखा सहगल को सौंपे। अपर जिलाधिकारी ने इस मौके पर कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिये वेट मशीनों के अतिरिक्त अन्य आवश्यक सामग्री की जो भी आवश्यकता होगी, उन्हें आंगनबाड़ी केन्द्रों को अवश्य उपलब्ध कराया जायेगा। इस अवसर पर संयुक्त मजिस्ट्रेट भगवानपुर आशीष मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी, सुलेखा सहगल, प्रान्तीय रक्षा दल अधिकारी, मुकेश कुमार भट्ट सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे।

## नगर निगम मेयर और पार्षदों ने मिलकर निगम की जमीन को करवाया कब्जा मुक्त

**हरिद्वार।** नगर निगम, हरिद्वार की मेयर श्रीमती अनिता शर्मा और पार्षदों द्वारा नगर निगम की जमीनों पर किए गए अवैध कब्जे को खाली कराया गया। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर सरकारी भूमि को खाली कराया जा रहा है। वहीं हरिद्वार जिला प्रशासन भी सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जो को हटाने का काम कर रहा है। महापौर नगर निगम, हरिद्वार श्री मति अनिता शर्मा ने सरकार और प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा सरकार कुछ चुनिंदा लोगो को निशाना बना रही है। हरिद्वार की मेयर अनिता शर्मा का कहना है पिछले दो सालो से उत्तरी हरिद्वार में पवन धाम के निकट निगम संपत्ति पर अवैध कब्ज़ा किया हुआ था जिसको आज मेयर और पार्षदों ने हटाने का काम किया है जो काम अधिकारियो को करना चाहिए था वो काम स्वयं करना पड़ रहा है। इस अवसर पर मेयर प्रतिनिधि अशोक शर्मा पार्षद पुनीत कुमार, जफर अब्बासी, सुहेल कुरेशी, मेहरबान खान, उदयवीर चौहान, तहसीन अंसारी, जतिन हांडा, विकाश चन्द्रा, देवेश गौतम, सुनील कुमार, शुभम अग्रवाल, शिवम गिरी बृजमोहन बड़थ्वाल, हरद्वारी लाल, जगदीप अस्वाल, सत्येंद्र शर्मा, नावेज अंसारी, वसीम सलमानी, आकाश बिरला, सुमित भाटिया, संगम शर्मा, राजकुमार ठाकुर, नकुल महेश्वरी, मनोज जाटव रजत कुमार समर्थ अग्रवाल, मोनू कुमार अमित रस्तोगी, अनेक स्थानीय पीड़ित जन उपस्थित रहे।



## शिवालिक नगरपालिका के नाम बदलने के प्रस्ताव के खिलाफ नेहरू कॉलोनीवासियों ने नगरपालिका को दिया ज्ञापन

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो




**हरिद्वार।** शिवालिक नगर पालिका द्वारा पिछले सप्ताह बोर्ड बैठक में वार्ड नंबर 13 की नेहरू कॉलोनी का नाम बदलने का प्रस्ताव पारित किया गया, जिसके खिलाफ आज नेहरू कॉलोनी वासियों ने शिवालिक नगर पालिका अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन दिया। इस मौके पर वार्ड नंबर 13 के सभासद सिंह पाल सैनी भी नेहरू कॉलोनी वासियों के साथ गए। सभासद का कहना है कि ऐसा कोई प्रस्ताव वार्ड नंबर 13 के सभासद के द्वारा नहीं दिया गया, और बोर्ड बैठक के दिन नाम बदलने के प्रस्ताव का विरोध भी किया गया था। इस मसले पर राजनीति भी गरमा गई है। नेहरू कॉलोनी वासियों का आरोप है कि वार्ड नंबर 12 और अन्य वार्ड के सभासद एक प्रस्ताव नेहरू कॉलोनी का नाम बदलने को देते हैं जबकि यह लोग वार्ड नंबर 13 के सभासद नहीं है, इनको क्या हक है हमारे कॉलोनी का नाम बदलने का, नेहरू कॉलोनी वासियों का आरोप है कि नाम बदलने से हमारे आधार कार्ड, हमारे बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, घरो की नेम प्लेट इन सब का खर्चा कौन देगा, नेहरू कलोनी वासियों का आरोप है कि आजतक नेहरू कालोनी मे पालिका द्वारा नालियाँ, स्ट्रीट लाइट, सड़कें नहीं बनाई गई, कूड़ा निस्तारण की आजतक कोई व्यवस्था नहीं है। जबकि पालिका का पांच साल का कार्यकाल पूरे होने को है। सिर्फ नाम बदलने से विकास नहीं हो जाता पहले नगर पालिका क्षेत्र में विकास करें। कॉलोनी वासियों ने कहा नगर पालिका अध्यक्ष पहले क्षेत्र में विकास करें हम नगर पालिका अध्यक्ष के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने को तैयार है लेकिन पालिका चुनाव को देखते हुए इस तरह की राजनीति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कालोनी वासियों ने कहा कि अगर प्रस्ताव वापस नहीं किया गया तो नगरपालिका के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

ज्ञापन देने वालों में पर वार्ड नंबर 13 के सभासद सिंह पाल सिंह सैनी, गुलाब यादव, नरेंद्र चौहान, सुमन कमला, चंपा देवी, अंजू देवी, बीना देवी, रानू देवी, सुनीता देवी, मनीष कुमार, अजीत कुशवाहा, कुलदीप चौधरी, भरत, गोपाल मोहनचंद, वरुण शुक्ला, अनित मिश्रा, राजकुमार दक्ष, कमलेश यादव, विनोद यादव, राम भास्कर त्रिपाठी, मंगल देव, सुदेश, राधे श्याम, सत्येंद्र सिंह, साहबराज यादव, विवेक यादव, यशपाल रावत, आदि नेहरू कॉलोनी वासी उपस्थित रहे।

## देहरादून से आई विजिलेन्स टीम ने छापामार कर 24 घरों से बिजली चोरी पकड़ी, मुकदमे दर्ज

**बहादराबाद।** थाना पथरी अंतर्गत बुड्ढाहेड़ी व अलावालपुर में आज उस समय अफरातफरी मच गई जब देहरादून से आई विजिलेन्स कि टीम ने गांव में छापेमारी शुरू की, छापेमारी की भनक लगते ही गांव में अफरातफी मच गई और ग्रामीण अपने घरों में कटिया डालकर चोरी करने के तार उयारने लगे लेकिन टीम ने उन्हें रंगे हाथों पकड़ कर सीधे एल टी लाईन पर डाले तारों को अपने कब्जे में ले लिया। टीम ने बुड्ढाहेड़ी में 15 एवं अलावलपुर में 9 लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ लिया जिनके खिलाफ थाना पथरी में मुक़दमे दर्ज़ कराए हैं। विजिलेन्स टीम में धन्यजय कुमार, रोबिन सिंह मनोरिया, विकास कुमार तथा एस डी ओ बहादराबाद अमित तोमर, लाइनमेन अनिल, शौकीन, विकास मौजूद रहे।

# नए लाइम कलर में आया सैमसंग गैलेक्सी एस23



**नई दिल्ली।** सैमसंग ने भारत में गैलेक्सी एस23 के लिए एक नया कलर ऑप्शन लांच किया है। कंपनी ने वैनिला मॉडल के लिए नए लाइम कलर ऑप्शन को जोड़ा है। बता दें कि गैलेक्सी एस23 5जी को इस साल की शुरुआत में भारत में चार कलर्स में लांच किया गया था। फोन फैंटम ब्लैक, क्रीम, ग्रीन और लैवेंडर कलर में पहले से मौजूद हैं। बता दें कि सैमसंग ने नए लाइम कलर ऑप्शन की कीमत को दूसरे कलर वेरिएंट की तरह ही रखा है यानी कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। सैमसंग गैलेक्सी एस23 का नया लाइम कलर ऑप्शन भारत में दो स्टोरेज ऑप्शन के साथ उपलब्ध है। फोन के 8जीबी रैम और 128जीबी स्टोरेज वाले वेरिएंट की कीमत 74,999 रुपए है। जबकि फोन के 8जीबी रैम और 256जीबी स्टोरेज वाले वेरिएंट की कीमत 79,999 रुपए है। फोन को फैंटम ब्लैक, क्रीम, ग्रीन और लैवेंडर कलर में भी खरीदा जा सकता है।

इस कलर ऑप्शन 16 मई से ऑनलाइन और ऑफलाइन स्टोर्स पर बिक्री के लिए उपलब्ध होगा। लांच ऑफर्स के हिस्से के रूप में, ग्राहक एस23 की खरीद पर 5,000 रुपए के बैंक कैशबैक के साथ 8,000 रुपए तक का अपग्रेड बोनस प्राप्त कर सकते हैं, जिससे फोन की प्रभावी कीमत बेस 128जीबी वेरिएंट के लिए 61,999 रुपए और 256जीबी वेरिएंट के लिए 66,999 रुपए हो जाएगी। एचडीएफसी बैंक के कार्ड पर नौ महीने तक नो-कॉस्ट ईएमआई का ऑप्शन भी है। इसके अलावा, ग्राहक बजाज फिनसर्व ईएमआई या एचडीएफसी सीडी पेपर फाइनेंस के माध्यम से 24 महीने की ईएमआई प्लान का भी लाभ उठा सकते हैं। गैलेक्सी एस23 प्रीमियम हार्डवेयर वाला एक कॉम्पैक्ट फ्लैगशिप फोन है। हैंडसेट में एल्युमिनियम फ्रेम के साथ ग्लास बिल्ड है। यह 6.1-इंच डायनामिक एमोलेड 2& डिस्प्ले के साथ फुल एचडी प्लस रिजॉल्यूशन और टॉप सेंटर में एक पंच-होल कटआउट के साथ आता है।

## थोक मुद्रास्फीति अप्रैल में शून्य से नीचे

नयी दिल्ली, (वार्ता)। देश में थोक बाजारों में वस्तुओं की कीमतें अप्रैल 2023 में कुल मिला कर सालाना आधार पर नीचे रहीं जो अर्थव्यवस्था में मांग की कमजोरी दर्शाता है। आंकड़ों के अनुसार भारत में अप्रैल में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल 2023 में शून्य से 0.92 प्रतिशत नीचे रही। मार्च, 2023 में दर्ज थोक मूल्यों आधारित मुद्रास्फीति 1.34 प्रतिशत थी। यह इसका करीब तीन साल का न्यूनतम स्तर है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है, "अप्रैल, 2023 में थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति में गिरावट मुख्य रूप से बुनियादी धातुओं, खाद्य उत्पादों, खनिज तेल, कपड़ा, गैर-खाद्य वस्तुओं, रासायनिक और रासायनिक उत्पादों, रबर और प्लास्टिक उत्पादों और कागज और कागज उत्पादों की कीमतों में गिरावट के कारण है।" पिछले कई महीनों से थोक और खुदरा दोनों ही तरह की महंगाई दर में गिरावट का रुख बना हुआ है। पिछले सप्ताह जारी आंकड़ों में खुदरा मुद्रास्फीति अप्रैल में 4.70 प्रतिशत पर आ गयी जो इसका 18 महीने का निचला स्तर है। बीडीआर फार्मा के सीएफओ धीर शाह ने कहा कि अप्रैल में थोक महंगाई दर करीब तीन साल के न्यूनतम स्तर पर आ गयी। थोक मूल्य सूचकांक के विनिर्माण, प्राथमिक वस्तु और ईंधन तथा बिजली क्षेत्रों सहित अधिकांश घटकों में विभिन्न कारणों से नरमी है। उन्होंने कहा, "मानसून की शुरुआत से पहले थोक मुद्रास्फीति में गिरावट एक बड़ी सकारात्मक बात है। आगे मानसून सीजन अच्छा रहा तो थोक मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति को स्थिर रखने में मदद मिलेगी, हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि से थोक और खुदरा मुद्रास्फीति दोनों को खतरा हो सकता है।"

# 64MP कैमरा के साथ लांच हुआ Vivo S17e, जानें कीमत और फीचर



**नई दिल्ली।** चीनी स्मार्टफोन निर्माता कंपनी VIVO ने अपने एस सीरीज के स्मार्टफोन S17e को लांच कर दिया है। कंपनी का S17 सीरीज में यह पहला स्मार्टफोन है। Vivo का यह नया स्मार्टफोन 5जी सपोर्ट और बड़े डिस्प्ले के साथ आता है। फोन में 64 मेगापिक्सल मेन रियर कैमरा दिया गया है। फोन की कीमत की बात करें तो Vivo S17e 8जीबी+128जीबी स्टोरेज वेरिएंट की कीमत 24,805 रुपए, 8जीबी+256जीबी स्टोरेज वेरिएंट की कीमत 27,169 रुपए और 12जीबी + 256जीबी स्टोरेज वरिएंट की कीमत लगभग 29,532 रुपए है। फोन तीन कलर ऑप्शन Quick Sand Gold, Sunny Blue और Midnight Black में मिलेगा। फिलहाल यह स्मार्टफोन चीन में लांच हुआ है।

Vivo S17e के फीचर की बात करें तो फोन में 6.78 इंच की FHD+ 120Hz 60 3D कर्व्ड AMOLED डिस्प्ले है। यह स्मार्टफोन MediaTek Dimensity 7200 SoC से लैस है। इस स्मार्टफोन में 4600mAh की बैटरी दी गई है जो कि 66W फास्ट चार्जिंग का सपोर्ट करती है। यह स्मार्टफोन एंड्रॉयड 13 पर बेस्ड OriginOS 3 पर काम करता है।

फोन में 12GB RAM और 128GB या 256GB स्टोरेज दी गई है। Vivo S17e के कैमरा सेटअप की बात करें तो फोन के रियर में OIS सपोर्ट के साथ 64 मेगापिक्सल का प्राइमरी कैमरा और 2 मेगापिक्सल का सेकेंड्री कैमरा दिया गया है। वहीं इसके फ्रंट में 16 मेगापिक्सल का सेल्फी कैमरा दिया गया है। Vivo S17e में इन डिस्प्ले फिंगरप्रिंट सेंसर, ड्यूल सिम सपोर्ट, स्टीरियो स्पीकर और हाई-रेज ऑडियो सपोर्ट दिया गया है।




## डॉ. बत्रा'ज़ ने दिल्ली एनसीआर में की न्यू यू रेंज ट्रीटमेंट की शुरुआत

**नयी दिल्ली, (वार्ता)।** होम्योपैथिक सेवायें उपलब्ध कराने वाली अग्रणी कंपनी डॉ बत्रा'ज ने दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (दिल्ली-एनसीआर) में गाजियाबाद के वैशाली में न्यू यू रेंज ट्रीटमेंट शुरू करने की घोषणा की है। होम्योपैथिक दवायें एवं सौन्दर्य प्रसाधन मुहैया कराने वाली इस कंपनी का कहना है कि त्वचा की सेहत आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान तय करती है। हर किसी को बेदाग़ और जवान त्वचा चाहिए लेकिन आम लोगों में से 12 प्रतिशत से ज्यादा लोगों को त्वचा की समस्याएं जैसे मुंहासे, हाइपरपिगमेंटेशन आदि है। कई लोगों को एग्जिमा और सोरायसिस जैसी त्वचा की गंभीर बीमारियाँ भी हैं। फ्यूचर मार्केट इनसाइट्स के अनुसार, 2023 से 2033 तक एंटी-एजिंग सर्विसेस की मांग 5.5 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ने की उम्मीद है। त्वचा की समस्याओं के कई कारण होते हैं। इसमें हवा की गुणवत्ता, पानी की गुणवत्ता, पर्यावरणीय कारक, तनाव, स्वास्थ्य के मौजूदा रोग आदि शामिल हैं।

# 34 महीने के निचले स्तर तक लुढ़की थोक महंगाई



**नई दिल्ली।** थोक महंगाई दर में लगातार 11वें महीने गिरावट दर्ज की गई है और जारी आंकड़ों के अनुसार अप्रैल में होलसेल प्राइस इंडेक्स गिरकर माइनस 0.92 प्रतिशत के लेवल पर आ गया है।

मार्च में यह 1.34 प्रतिशत थी। इस तरह अप्रैल में थोक महंगाई दर 34 महीने के सबसे निचले स्तर पर रही है। इससे पहले जून 2020 में होलसेल प्राइस इंडेक्स माइनस 1.81 प्रतिशत था। वहीं, पिछले साल अप्रैल 2022 में थोक महंगाई दर 15.38 प्रतिशत थी।

सरकार ने अपने बयान में कहा है कि अप्रैल में महंगाई दर में गिरावट की बड़ी वजह मिनरल ऑयल्स, टेक्सटाइल, नॉन फूड आर्टिकल, केमिकल एंड केमिकल प्रोडक्ट, बेसिक मेटल, रबड़ और प्लास्टिक, पेपर और पेपर प्रोडक्ट का सस्ता होना है। सिर्फ थोक महंगाई दर ही नहीं, अप्रैल में खुदरा महंगाई दर में भी गिरावट देखने को मिली है। अप्रैल में खुदरा महंगाई 18 महीने के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई थी।

# एशिया पैसिफिक मास्टर गेम्स में हिमाचल का डंका, लाहुल के किशन ने अब ट्रिपल जंप में जीता गोल्ड





**कुल्लू।** एशिया पैसिफिक मास्टर गेम्स-2023 में लगातार भारत जीत रहा है। यह भारत के लिए गौरव की बात है। आज भारत ने फिर ट्रिपल जंप में सोना जीता है। भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स एथलीट किशन लाल ने आज फिर कमाल कर दिखाया है। ट्रिपल जंप प्रतियोगिता में 16 देशों को पछाड़ते हुए लाहुल-स्पीति जिला के मास्टर्स एथलीट किशन लाल ने प्रथम स्थान हासिल किया और गोल्ड मेडल भारत की झोली में डाला। ट्रिपल जंप में जापान दूसरे स्थान पर रहा । जबकि चाइना तीसरे स्थान पर रहा।

पांच दिनों के भीतर तीन प्रतियोगिता में किशन लाल ने भारत का प्रतिनिधित्व किया और तीनों में प्रथन स्थान हासिल कर गोल्ड मेडल जीते। 12 मई को डिस्कस थ्रो, 15 मई को जैवलिन थ्रो और 16 मई को ट्रिपल जंप प्रतियोगिता में भाग लिया और गोल्ड मेडल हासिल किए। लाहुल स्पीति के किशन लाल भारत का नाम दुनिया भर में रोशन किया है। किशन लाल ने साउथ कोरिया में एशिया पैरिफिक मास्टर गेम्स की जैवलिन थ्रो स्पर्धा में भारत का प्रतिनधित्व करते हुए तीन गोल्ड जीते हैं।

बता दें कि हिमाचल के लाहुल-स्पीति और कुल्लू से संबंध रखने वाले अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स खिलाड़ी किशन लाल ने एशिया पैरिफिक मास्टर गेम्स में दमदार प्रदर्शन किया है। 23 मई को किशन लाल साउथ कोरिया से घर आएंगे। यहां पहुंचने पर उनका मास्टर्स गेम्स खिलाड़ी स्वागत करेंगे। किशन लाल ने बताया कि उन्हें भारत और हिमाचल के साथ लाहुल-स्पीति व कुल्लू के अपने लोगों के आशीर्वाद से यह कामयाबी हासिल हुई है।

# इंडियन प्रीमियर लीग का 62वां मुकाबला : सनराइजर्स हैदराबाद को हरा प्लेऑफ में पहुंची गुजरात टाइटंस






**अहमदाबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग का 62वां मुकाबला गुजरात टाइटंस व सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला गया, जिसे गुजरात ने 34 रन से जीत लिया। इस जीत के साथ ही गुजरात टाइटंस इस सीजन प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई।

नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। गुजरात ने होमग्राउंड पर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में नौ विकेट पर 188 रन बनाए। फिर 189 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद टीम को 20 ओवर में 154/9 रन पर रोक मैच जीत लिया। इससे पहले गुजरात के लिए ओपनर शुभमन गिल (101 रन) करियर का पहला शतक जमाया। वे मौजूदा सीजन में शतक जमाने वाले छठे बल्लेबाज बने हैं।

भुवनेश्वर कुमार को पांच विकेट मिले। ब्रेस्ट कैंसर के प्रति जागरूक करने के लिए गुजरात के खिलाड़ी पिंक जर्सी में उतरे है। ओपनर शुभमन गिल 101 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने 56 गेंदों पर पहला आईपीएल शतक जमाया। जीरो पर ऋद्धिमान साहा का विकेट गंवाने के बाद शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने शतकीय साझेदारी की।

# अतंरराष्ट्रीय

## न्यूजीलैंड: चार मंजिला छात्रावास की इमारत में लगी आग, कई लोगों की मौत, 30 से अधिक लापता



**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड की राजधानी वेलिंगटन में एक चार मंजिला छात्रावास की इमारत में रात में लगी आग में कई लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक लोगों के लापता होने की आशंका है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि सेंट्रल वेलिंगटन में एडिलेड रोड पर लोफर्स लॉज हॉस्टल में सोमवार - मंगलवार की आधी रात बाद 12:30 बजे आग लग गई। आग सबसे ऊपरी मंजिल से शुरू हुई। पुलिस के प्रारंभिक आकलन के अनुसार फिलहाल मृतकों की सटीक संख्या के बारे में नहीं बताया जा सकता लेकिन अनुमान है कि मौतों की संख्या 10 से कम है। पुलिस के अनुसार कुल 52 लोगों को इमारत से बाहर निकाला गया और कम से कम पांच को छत से बचाया गया, लेकिन अन्य का पता नहीं चल पाया। पांच लोगों को अस्पताल भेजा गया, जिनमें दो की हालत गंभीर है। दमकल और आपात विभाग के एक प्रवक्ता ने कहा कि इमारत में करीब 90 लोग रह रहे थे और लोगों को निकालने के बाद भी करीब 30 लोगों का पता नहीं चल पाया है। मॉर्निंग न्यूज प्रोग्राम से बात करते हुए न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस हिपकिंस ने कहा कि और मौतें हो सकती हैं।

## अमरीका में नहीं थम रही गोलीबारी की घटनाएं, अब न्यू मैक्सिको में तीन लोगों की गई जान

**ह्यूस्टन।** अमरीका के न्यू मैक्सिको राज्य के फार्मिंग्टन में गोलीबारी में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यह जानकारी एक फेसबुक पोस्ट के जरिए साझा करते हुए फार्मिंग्टन पुलिस ने कहा, "कम से कम 3 मृतकों के साथ कई नागरिक घायल हैं।" गोली लगने और अस्पताल में भर्ती होने वालों में शहर पुलिस के एक सदस्य और न्यू मैक्सिको स्टेट पुलिस के एक सदस्य सहित दो पुलिस अधिकारी शामिल है । पुलिस ने कहा कि दोनों की हालत स्थिर है।



पुलिस ने कहा, "एक संदिग्ध का मुकाबला किया गया और वह घटनास्थल पर ही मारा गया।" पुलिस ने कहा कि संदिग्ध की पहचान अज्ञात है और इस समय कोई अन्य ज्ञात खतरा नहीं है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि फायरिंग ब्रुकसाइड पार्क के क्षेत्र में स्थानीय समयानुसार सुबह 11 बजे के बाद हुई और शहर के सभी स्कूलों में सुरक्षा के लिहाज से "निवारक लॉकडाउन" कर दिया गया।

## यूएन बना, तो पांच देश बन गए थे स्वयंभू, स्वीडन में भारतीय समुदाय से बातचीत में बोले जयशंकर

**स्टॉकहोम।** भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि वीटो पॉवर देश, यूएन की पुरानी प्रणाली से जिन्हें लाभ मिल रहा है, वे नए सुधारों का विरोध करते हैं। जयशंकर ने निशाना साधते हुए कहा कि पुरानी प्रणाली के लाभार्थी देश यूएन में होने वाले बदलावों का विरोध कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे विशेषाधिकार की उनकी स्थिति 'कमजोर' हो जाएगी। जयशंकर स्वीडन के तीन दिन के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने स्वीडन में भारतीय समुदाय के साथ बातचीत की। साथ ही यूरोपीय संघ (ईयू) एवं हिंद-प्रशांत मंत्रिस्तरीय मंच (ईआईपीएमएफ) के लिए स्टॉकहोम की अपनी यात्रा के दौरान भारत में जारी बदलावों को रेखांकित किया। जयशंकर ने कहा कि अब हर संस्थान की तरह इसकी (सुरक्षा परिषद की) भी आज यह समस्या है कि पहले से लाभ ले रहे देश बदलाव नहीं चाहते, क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे विशेषाधिकार की उनकी स्थिति कुछ हद तक कमजोर हो जाएगी।

## उत्तराखंड प्रहरी छोटी खबरें



### राजगढ़ में भीषण सड़क हादसा; अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिरी कार, चार की मौत

**नाहन**। जिला सिरमौर के राजगढ़ क्षेत्र में एक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई है। मृतकों की पहचान कमल राज (40), जीवन सिंह (63) व उसकी पत्नी सुमा देवी (54) निवासी गांव फागू दाहन (राजगढ़) व रेखा (25) गांव थनोगा राजगढ़ के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह 5:00 बजे के करीब संगडाह उपमंडल में लानाचेता-राजगढ़ मार्ग पर पबौर के समीप कार मारुति 800 (HP 16 A 1721) हादसे का शिकार हो गई। कार में सवार होकर सभी लोग राजगढ़ की तरफ जा रहे थे कि तभी चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और गाड़ी अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे के बाद स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस प्रशासन को सूचित किया गया। सूचना मिलने के बाद नौहराधार चौकी व संगडाह थाने से पुलिस टीमें मौके पर पहुंची और गहरी खाई में उतर कर सभी को गाडी से बाहर निकाला गया। परंतु तब तक गाड़ी में सवार सभी लोगों की सांसें थम चुकी थी। उधर, संगडाह के डीएसपी मुकेश कुमार ने पुष्टि करते हुए बताया कि गाड़ी के दुर्घटनाग्रस्त होने से दो पुरुषों और दो महिलाओं की मौत हुई है। उन्होंने बताया कि हादसे के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### यलो अलर्ट के बीच खूब तपा रही गर्मी; ऊना जिला में 40 डिग्री के पार पहुंचा पारा, धौलाकुआं भी 40 के करीब

शिमला। हिमाचल प्रदेश में मौसम विभाग ने बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है, लेकिन बारिश के यलो अलर्ट के बीच गर्मी लोगों को खूब तपा रही है। खासकर प्रदेश के मैदानी जिलो में गर्मियों का प्रकोप सिर चढ़ कर बोल रहा है। सोमवार को प्रदेश में सबसे अधिक तापमान ऊना जिला में दर्ज किया गया। यहां का अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा सिरमौर जिला के धौलाकुआ में भी अधिकतम तामपान 38.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। हालांकि मौसम विभाग की मानें, तो प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में बारिश की हल्की बौछारें भी गिरी हैं। वहीं राजधानी शिमला सहित प्रदेश के बाकी क्षेत्रों में दिनभर धूप खिली रही। शिमला में अधिकतम तामपान 25.4 डिग्री सेल्सियस, सुंदरनगर में अधिकतम तापमान 33.9 डिग्री, भुंतर 27.0, कल्पा 18.2, धर्मशाला 31.5, नाहन 34.8, केलांग 13.6, सोलन 32, कांगड़ा 34.8, बिलासपुर 38.5, हमीरपुर 36.3, चंबा 34.8, डलहौजी 22.5, जुब्बड़हट्टी में 29.3, कुफरी 19.8, नारकंडा 18.5 और रिकांगपिओं में 24.6 डिग्री अधिकतम तापमान दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने प्रदेश में 19 मई तक मौसम के खराब रहने की संभावना जताई है। इस दौरान मध्यम पर्वतीय एवं उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में आंधी के साथ तेज बारिश की संभावना जताई गई हैं।



# मांगें न मानीं, तो पूरे राजस्थान में आंदोलन, पायलट ने दिखाए तेवर, गहलोत को दिया 15 दिन का अल्टीमेटम



**जयपुर**। सचिन पायलट ने खुले तौर पर अशोक गहलोत सरकार के खिलाफ बगावती तेवर दिखाते हुए बड़ा ऐलान कर दिया। जन संघर्ष यात्रा की समाप्ति पर राजधानी जयपुर में आयोजित जनसभा में पायलट ने गहलोत सरकार को 15 दिन का अल्टीमेटम देते हुए खुली चेतावनी दे डाली है। पायलट ने कहा कि अगर सरकार ने पेपर लीक से प्रभावित हुए अभ्यर्थियों को मुआवजा नहीं दिया और वसुंधरा सरकार में हुए भ्रष्टाचार की जांच नहीं कराई, तो वह पूरे प्रदेश में सरकार के खिलाफ आंदोलन करेंगे। इसके साथ ही पायलट ने आरपीएससी की वर्तमान व्यवस्था को भंग करने की भी मांग की। पायलट ने कहा कि मलाई खाने वालों के धमकाने से मैं डरने वाला नहीं हूं। मैं प्रदेश के लिए हर कुर्बानी देने को तैयार हूं। पायलट ने आरोप लगाया कि उनकी सभा में आने से लोगों को रोका गया, लेकिन मैं न डरने वाला और न ही दबने वाला। उन्होंने कहा कि नौजवानों के कलेजे में आग लगाने के लिए यात्रा निकाली है।

यात्रा को अपार जन समर्थन मिला। इससे कई लोग घबरा गए। पायलट ने कहा कि मेरे परिवार को राजनीति में 45 साल हो गए, लेकिन मुझ पर मेरा घोर विरोधी भी अंगुली नहीं उठा सकता। पायलट ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा नेट बंद करो, बिजली बंद करो, लेकिन जनता बंद होने वाली नहीं है। राजस्थान की जनता मेरी निष्ठा और ईमानदारी को जानती है। पायलट ने सरकार पर सवाल दागते हुए कहा कि तुम कितने ही आरोप की चुगली करो। अफवाह उड़ाओ पर अब जनता नहीं मानेगी। पायलट ने कहा मैं पद पर रहू न रहूं, लेकिन राजस्थान की सेवा आखिरी सांस तक करूंगा। उन्होंने कहा कि प्यार से मांगोगे तो चलेगा, लेकिन धमकाओगे तो मैं डरने वालों में नहीं हूं। उन्होंने यात्रा में साथ चले युवाओं का आह्वान करते हुए कहा मुझे आपके पैरों के छालों की कसम आपके साथ रहूंगा। मैं पीछे हटने वाला नहीं हूं, जो भी कुर्बानी देनी होगी मैं तैयार हूं। जयपुर में सचिन पायलट की जन संघर्ष पदयात्रा के समापन आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए वन एवं पर्यावरण मंत्री हेमाराम चौधरी ने कहा कि अगर मैं भ्रष्ट तो मुझे मंत्री पद से हटा क्यों नहीं देते। मेरी इच्छा नहीं है मंत्री बने रहने की। अब आलाकमान सोच ले। कैसे 21 सीटों से बढक़र आज हमने सरकार बनाई। उल्लेखनीय है कि हाल ही में धौलपुर में आयोजित जनसभा में बगावत करने वाले विधायकों पर 10-10 करोड़ रुपए लेने के आरोप लगाए थे। सीएम गहलोत ने कहा कि बीजेपी ने रुपए दिए। विधायक लौटा दें, नहीं अमित शाह डराएगा।

## शूलिनी माता मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन पर रोक

**सोलन**। लाखों लोगों व दिग्गज नेताओं की आस्था का केंद्र शूलिनी माता मंदिर परिसर में स्थानीय प्रशासन ने भजन-कीर्तन पर रोक लगा दी है। सोलन की अधिष्ठात्री मां शूलिनी परिसर में बीते कई दशकों से श्रद्धालुओं द्वारा कीर्तन किया जाता है तथा माता की मूर्तियों के सामने बैठकर मां का आशीर्वाद श्रद्धालु लेते हैं। प्रशासन के फरमान आम जनता के हलक से नीचे नहीं उतर रहे हैं तथा इस निर्णय से आम जनमानस में रोष पनप रहा है। मंदिर में हर मंगलवार व रविवार को कीर्तन किया जाता है। यह प्रथा बीते कई दशकों से चली आ रही है। तीन दिन पूर्व स्थानीय प्रशासन ने मंदिर के मुख्य द्वारा पर एक नोटिस चस्पां करके परिसर में कीर्तन करने पर प्रतिबंध लगा दिया। प्रशासनिक अधिकारियों ने मौखिक रूप से हालांकि यह तर्क दिया है कि मंदिर परिसर में नहीं अपितु साथ ही ऊपर वाले बड़े हॉल में भक्त कीर्तन कर सकते हैं। विडंबना यह है कि इन तर्कों का हवाला निर्देश पट्टिका के साथ कहीं भी लिखित रूप में नहीं दिया है। सूचना पट्ट में लिखित स्पष्ट निर्देश यहीं है कि मंदिर परिसर में कीर्तन करने पर मनाही है। मां के इस मंदिर में आम जनमानस के अतिरिक्त विभिन्न राजनीतिक दलों के दिग्गज नेता भी आशीर्वाद लेने आते हैं। इस ज्वलंत मुद्दे पर अब स्थानीय विधायक व स्वास्थ्य मंत्री डा. धनीराम शांडिल की रहस्मयी चुप्पी से भी सोलन शहरवासी हैरान हैं। उधर, प्रदेश भाजपा सह-प्रवक्ता करण नंदा ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार व्यवस्था परिवर्तन की बात कर सत्ता में आई है और अब इस प्रकार की व्यवस्था परिवर्तन कर रही है, जिसे जनता भलीभांति देख रही है। बजरंग दल के पूर्व प्रदेश संयोजक व विश्व हिंदू परिषद धर्म यात्रा महासंघ के प्रदेश संयोजक पवन समैला ने कहा कि यह निर्णय सनातनी-हिंदू धर्म विरोधी है और इसकी कड़े शब्दों में निंदा करते हैं।

## ओल्ड पेंशन रैली में वीडियो संदेश भेजेंगी प्रियंका गांधी, पुलिस ग्राउंड में 28 मई को जुटेंगे कर्मचारी



**शिमला**। हिमाचल में ओल्ड पेंशन बहाल होने के बाद न्यू पेंशन स्कीम कर्मचारी महासंघ की धर्मशाला में हो रही आभार रैली में प्रियंका गांधी वाड्रा भी अपना वीडियो मैसेज भेजेंगी। दरअसल शिमला में एनपीएस संघ ने प्रियंका गांधी से मुलाकात कर इन्हें धर्मशाला रैली का निमंत्रण दिया था। उन्होंने आने में तो असमर्थता जताई, लेकिन अपना वीडियो संदेश भेजने की बात कही है। धर्मशाला में 28 मई को होने वाली यह रैली पुलिस ग्राउंड में प्रस्तावित की गई है। हालांकि अभी इसकी अनुमति नहीं आई है। इस रैली में आभार बेशक मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का होगा, लेकिन राज्य सरकार के सभी कैबिनेट मंत्रियों और कांग्रेस विधायकों को भी निमंत्रण भेजा जा रहा है। एनपीएस एसोसिएशन की नेशनल बॉडी के लोग भी इसमें आ सकते हैं। इसी रैली से ओल्ड पेंशन के लिए लोकसभा चुनाव के लिए भी आधार तैयार किया जा सकता है। रैली में सरकार और मुख्यमंत्री को राहत कोष या सुखाश्रय कोष में बड़ी धनराशि भी दी जाए। एनपीएस एसोसिएशन के महासचिव भरत शर्मा ने बताया कि रैली के आयोजन स्थल के लिए अप्लाई किया जा रहा है और उसके बाद निमंत्रण का सिलसिला शुरू होगा। नेशनल स्तर पर पहले ही ओल्ड पेंशन के लिए पदयात्रा का कार्यक्रम लांच हो चुका है, इसलिए उसका समर्थन भी इस रैली के जरिए किया जाएगा।

# उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री को एक और बड़ी जिम्मेदारी, सरकार ने सौंपा सहकारिता विभाग

**ऊना**। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्रिहोत्री को सरकार में एक और विभाग का दायित्व सौंपा गया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने उपमुंख्यमंत्री मुकेश अग्रिहोत्री को सहकारिता विभाग का कार्यभार सौंप दिया है। अब उपमुख्यंत्री मुकेश अग्रिहोत्री जलशक्ति, परिवहन, भाषा एवं संस्कृति विभाग के साथ-साथ सहकारिता विभाग का भी कार्यभार देखेंगे। मुकेश अग्रिहोत्री की इस ताजपोशी को लेकर उनके समर्थकों में खासा जोश है। शिमला नगर निगम



चुनावों में विजय पताका फहराने के बाद कांग्रेस पार्टी में मुकेश अग्रिहोत्री का कद और बढ़ा है। नगर परिषद शिमला की कमान सीधे-सीधे उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्रिहोत्री के हाथों में थी। मुकेश अग्रिहोत्री ने इसके लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व सोनिया गांधी, राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के साथ-साथ कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े व प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला का आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन उन्हें जो भी जिम्मेदारी देगा, उसका पूरी तन्मयता के साथ निर्वहन किया जाएगा। जिला कांग्रेस प्रधान राणा रणजीत सिंह, प्रदेश कांग्रेस सचिव अशोक ठाकुर, हरोली ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विनोद बिट्टू, पूर्व विधायक व प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष सतपाल रायजादा तथा अन्य कांग्रेस नेताओं ने भी इसके लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू व कांग्रेस राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

# एसएसपी की लीडरशिप में सजग है हरिद्वार पुलिस

**हरिद्वार पुलिस की गौ तस्करों से मुठभेड़, 02 बदमाशों को लगी गोली, दो फरार की तलाश जारी**

**गौकशी के लिए लाए गए 11 जिंदा गौवंश बचाए**

**मौके से 02 तमंचे, खोखा कारतूस, जिंदा कारतूस, दो मोटरसाइकिलें व गौकशी उपकरण बरामद**

**रात के अंधेरे में अवैध धंधे करने वाले कुछ गैंग सक्रिय हैं, सभी हमारी रडार पर हैं, सभी का नंबर आएगा, गलत काम करने वाले किसी को नहीं छोड़ेंगे :: एसएसपी**




उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**बुग्गावाला(हरिद्वार)।** आज तड़के हथियारबंद बदमाशों द्वारा थाना बुग्गावाला क्षेत्रांतर्गत सावनशेर गांव के पास जंगल में गौकशी की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम पर बदमाशों ने फायर झोंक दिया। पुलिस टीम की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश रिहान के दाहिने पैर में गोली लगी जबकि अन्य बदमाश वहां से भाग निकले। जिन को पकड़ने हेतु क्षेत्र में कांबिंग की गई। सूचना मिलते ही एसएसपी हरिद्वार अजय सिंह व अन्य पुलिस अधिकारी एसपी क्राइम रेखा यादव, एसपी देहात स्वप्न किशोर, सीओ ज्वालापुर निहारिका सेमवाल, सीओ रुड़की पल्लवी त्यागी के साथ मौके पर पहुंचे व घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ-साथ स्वयं कमान सम्भालते हुए पुलिस टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी क्राइम रेखा यादव द्वारा जहां रुड़की हॉस्पिटल पर व्यवस्था को संभाले रखा तो वहीं सीओ ज्वालापुर निहारिका सेमवाल द्वारा नाइट ऑफिसर की जिम्मेदारी बाखूबी निभाई गई।

एसपी देहात स्वप्न किशोर सिंह व सीओ रुड़की पल्लवी त्यागी द्वारा सूचना प्राप्ति के कुछ समय बाद से ही लगातार पूरी रात एक्टिव रहते हुए पुलिस टीम को निर्देशित किया। कुछ देर बाद एक और बदमाश आस मोहम्मद उर्फ आशु द्वारा जंगल में कांबिंग के दौरान चौतरफा घिर जाने पर पुलिस टीम पर फायर कर दिया जिस पर पुलिस की जवाबी फायरिंग में बदमाश आस मोहम्मद उपरोक्त के पैर में गोली लगी, घायल बदमाशों को इलाज हेतु रुड़की सरकारी हॉस्पिटल भेजा गया। जहां दोनों का इलाज चल रहा है। एसएसपी द्वारा भी अस्पताल जाकर मामले की जानकारी की गई। अन्य 02 बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए जिनकी तलाश जारी है। मौके से दो तमंचा 315 बोर, 03 खोखा कारतूस, 01जिंदा खोखा कारतूस, गौकशी के उपकरण, 02 मोटरसाइकिलें बरामद की गई तथा 11 जिंदा गोवंशों को बचाया गया।

**पता गिरफ्तार अभियुक्त**

- रिहान पुत्र कबीर कुरैशी निवासी ग्राम सिरचंदी थाना भगवानपुर हरिद्वार
- आस मोहम्मद उर्फ आशु पुत्र शमीम निवासी चांदपुर थाना गागलहेड़ी सहारनपुर

**आपराधिक इतिहास**

- रिहान कुरैशी पुत्र स्व कबीर कुरैशी निवासी ग्राम सिरचंदी थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार।
- जिसके विरुद्ध थाना भगवानपुर में गौकशी के 6 व अन्य अभियोग पंजीकृत है और अभियुक्त हिस्ट्रीशीटर है।
- मु0अ0सं0 208/09 धारा 3/5/11 गौवंश संरक्षण अधिनियम थाना भगवानपुर।
- मु0अ0सं0 174/10 धारा 3/6/11 गौवंश संरक्षण अधिनियम थाना भगवानपुर।
- मु0अ0सं0 10/10 धारा 3/5/11 गौवंश संरक्षण अधिनियम थाना भगवानपुर।
- मु0अ0सं0 61/14 धारा 110 जी थाना भगवानपुर।
- मु0अ0सं0 179/15 धारा 3/5/11 गौवंश संरक्षण अधिनियम थाना भगवानपुर।
- मु0अ0सं0 15/16 धारा 3/5/11 गौवंश संरक्षण अधिनियम थाना भगवानपुर।
- मु0अ0सं0 126/16 धारा 365 भादवि ।
- मु0अ0सं0 174/17 धारा 3/5/11 गौवंश संरक्षण अधिनियम थाना भगवानपुर।
- आस मोहम्मद उर्फ आशु पुत्र शमीम निवासी ग्राम चांदपुर थाना गागलहेड़ी जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश, जिसके विरुद्ध थाना गागलहेड़ी जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश में गौकशी के 4 मुकदमे के साथ गैंगस्टर एक्ट और थाना भगवानपुर में भी गौकशी का अभियोग है
- मु0अ0सं0 372/22 धारा 2/3 गैंगेस्टर एक्ट
- मु0अ0सं0 188/22 धारा 3/5/8 गौसंरक्षण एक्ट
- मु0अ0सं0 189/22 धारा 307 भादवि
- मु0अ0सं0 200/2022 धारा 25/3 Arms Act 1959

**फरार अभियुक्त**

- मोहम्मद शामी पुत्र सलीम निवासी सिकरोड़ा थाना भगवानपुर हरिद्वार
- अली नवाज पुत्र हैदर निवासी शावनशेर थाना बुग्गावाला हरिद्वार

**बरामदगी**

- 02 तमंचे 315 बोर
- 03 खोखा कारतूस
- 01 जिंदा कारतूस
- 02 मोटरसाइकिल
- गौकशी के उपकरण
- 11 जिंदा गोवंश

**पुलिस टीम**

- SO बुग्गावाला अनिल चौहान, SI समीप पांडे का0 कुलवीर, का0 मोहित, का0 विक्रम, का0 हरिओम, का0 रमेश राणा, का0 चमन सिंह सीआईयू रुड़की, प्रभारी मनोहर भंडारी, हे0 का0 सुरेश रमोला , हे0 का0 अशोक का0 कपिल, का0 महिपाल, का0 राहुल नेगी, का0 रविंद्र खत्री।

**थाना भगवानपुर पुलिस टीम**

- SHO भगवानपुर राजीव रौथाण मय टीम

# नकली सीमेन्ट बनाने वाली फैक्ट्री का किया भन्डाफोड़

## 50 हजार रुपये का नकली सीमेन्ट एवं सीमेंट बनाने के उपकरण बरामद

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो



**भगवानपुर (हरिद्वार)।** 16 मई को थाना भगवानपुर पुलिस को सूचना मिली कि जंगू राणा अपने घर पुहाना मे नकली सीमेन्ट बना रहा है जो पहले भी जेल जा चुका है सूचना पर भगवानपुर पुलिस टीम ने पुहाना मे अभि0 के घर पर दबिश दी तो अभियुक्त मौके से फरार हो गया तथा अभियुक्त के घर से नकली सीमेन्ट के कट्टे व सीमेन्ट बनाने का सामान व उपकरण बरामद किये गये । पुलिस टीम द्वारा मौके पर अल्टाट्रेक सीमेन्ट के इन्जीनियर को बुलाया गया जिनके द्वारा बरामद सीमेन्ट को नकली सीमेन्ट होना बताया । उपरोक्त सम्बन्ध मे थाना भगवानपुर पर प्रभावी धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है । फरार अभियुक्त की तलाश जारी है ।

**नाम पता फरार अभियुक्त**

- जंगूराणा पुत्र मुमताज निवासी पुहाना थाना भगवानपुर हरिद्वार ।

**बरामदगी**

- 84 कट्टे नकली सीमेन्ट अल्ट्राट्रेक
- 200 खाली कट्टे अल्ट्राट्रेक
- 01 अदद लोहे का स्टेड
- 01 अदद टीन की बडी सी कूप
- 02 कट्टे सीमेन्ट अन्ट्राट्रैक खुले हुये।

**आपराधिक इतिहास जंगू राणा**

- मु0अ0सं0 242/17 धारा 420 आईपीसी व 51/63 कापीराईट एक्ट
- मु0अ0सं0 138/16 धारा 323/504/506 आईपीसी

**पुलिस टीम**

- व0उ0नि0 सतेन्द्र सिह
- उ0नि0 दीपक चौधरी
- है0का0 256 विपिन कुमार
- का0 260 अजय जोशी।



# गढ़वाल सभा की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने शपथ ली

**मेरठ, उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो।** मंगलवार को नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह विक्टोरिया पार्क स्थित गढ़वाल सभा भवन में किया गया। मुख्य चुनाव अधिकारी विश्व मोहन नौटियाल ,उपचुनाव अधिकारी सतीश नेगी और महावीर रावत ने गढ़वाल सभा की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ दिलायी गई। कार्यकारिणी सदस्यों ने संगठन को मजबूत करने और संस्कृति को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

गढ़वाल सभा की कार्यकारिणी के चुनाव 14 मई को हुए थे। । मुख्य चुनाव अधिकारी विश्व मोहन नौटियाल ने अध्यक्ष प्रेम सिंह नेगी,महामंत्री विजेंद्र ध्यानी, उपाध्यक्ष वीर सिंह रावत,,मंत्री वीरेंद्र नेगी,संगठन मंत्री विक्रम नेगी ,प्रचार मंत्री दिनेश,सास्कृति मंत्री पद मधु रावत,कोषाध्यक्ष सत्येंद्र भंडारी ,भंडार मंत्री कमलेश भारद्वाज, लेखा परीक्षक दाताराम धस्माना ,उप कोषाध्यक्ष विजय नेगी,वैधानिक सलाहकार विनोद बिष्ट को शपथ दिलायी। मुख्य चुनाव अधिकारी ने चुनाव में सहयोग देने पर सभी का आभार जताया। कार्यकारिणी ने संगठन को मजबूत करने के साथ संस्कृति को बढ़ावा देने की बात कही। सभा के उद्देश्यों की पूर्ति की बात कही गई। इस दौरान सभा के फाउंडर मेंबर गोविंद सिंह चौहान पूर्व अध्यक्ष ओपी रतूड़ी,आलम सिंह पवार, सुरेंद्र चौहान, डॉ अनिल ज़खमोला, दिवाकर ध्यानी, गजेंद्र सिंह नेगी, माधव सिंह रावत, यशवंत चौहान, डॉ शोभा रतूड़ी,आदि मौजूद रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक/संपादक- विकास गर्ग ने भगवती प्रिंटिंग प्रेस, इंडस्ट्रियल एरिया, हरिद्वार उत्तराखंड से मुद्रित करवाकर 54 आवास विकास, विवेक विहार, रानीपुर मोड़, हरिद्वार उत्तराखंड से प्रकाशित किया।
प्रकाशक / संपादक : विकास गर्ग- फोन : 9897766448, : मुख्य संपादक / सुमित तिवारी- फोन : 8077771906 : Email : uttarakhandprahari19@Gmail.com